डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा
(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय,आगरा)

पत्रांकः—प्रशा॰/205/2024 दिनांकः—10.04.2024

सेवा में,

समस्त निदेशक एवं विभागाध्यक्ष
आवासीय इकाई,
डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष दिनांक 14 अप्रैल को डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की जंयती मनायी जाती हैं। हमारा विश्वविद्यालय "डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा" इन्हीं महापुरूष के नाम से जाना जाता है। आगामी 14 अप्रैल, 2024 को डॉ0 आंबडेकर जी का 134 वां जन्मदिन मनाया जाना प्रस्तावित है।

माननीय कुलपति महोदया के आदेश दिनांक 09.04.2024 के अनुपालन में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 अप्रैल, 2024 दिन रविवार को समय प्रातः 09:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में सुशोभित डॉ0 भीमराव आंबडेकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण/पुष्पार्पण किया जाना है, साथ ही विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में **दिनांक 10.04.2024 से 15.04.2024 तक** मनाये जाने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार प्रस्तावित हैः—

1. दिनांक 14.04.2024 को सभी सम्बद्ध आवासीय संस्थानों/ महाविद्यालयों में ससमय डॉ0 भीमराव आंबडेकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण/पुष्पार्पण अनिवार्य रूप से किया जायेगा।
2. परमपरागत खेल—कूद कार्यक्रम/प्रतियोगिता करायीं जाये।
3. **"आधुनिक परिप्रेक्ष्य में डॉ0 भीमराव आंबडेकर जी के दर्शन की प्रासांगिकता एवं उपयोगिता"** शीर्षक पर वाद—विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये तथा शीर्ष 03 प्रतियोगियों का नाम पूर्ण विवरण सहित विश्वविद्यालय को दिनांक 13 अप्रैल, 2024 तक प्रेषित किया जाये, जिससे उक्त मेधावियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रशस्ती पत्र उपलब्ध कराया जा सके।
4. कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का दैनिक समाचार पत्रों में विशेष रूप से प्रचार—प्रसार किया जाये।
5. दैनिक समाचार पत्रों में मुद्रित खबरों की प्रति एवं कुल प्रतिभागियों की सूची दिनांक 13.04.2024 तक विश्वविद्यालय की ई—मेल आई0डी0 registrar.dbrau.ac.in@gmail.com एवं समन्वयक, आंबेडकर चेयर के व्हॉट्सएप संख्या 8004274589 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

अतः आपसे अनुरोध है कि समन्वयक, आंबेडकर चेयर, प्रो॰ रनवीर सिंह से समन्वय स्थापित कर उपरोक्तानुसार कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिभाग कराते हुए दिनांक 15 अप्रैल, 2024, सांय 5:00 बजे तक सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्त अधिकारी।
2. प्रो॰ रनवीर सिंह, समन्वयक, आंबेडकर चेयर।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय/कैम्प कार्यालय, मा॰ कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. समस्त उप—कुलसचिव।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
6. समस्त शिक्षक, आवासीय इकाई/शिक्षणेत्तर कर्मिक को इस आशय प्रेषित कि दिनांक 14 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9:00 बजे उपरोक्त कार्यक्रम में एवं दिनांक 15 अप्रैल, 2024 प्रातः 11:00 बजे जुबली हॉल में आयोजित संगोठी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
7. अभिलेख खण्ड।

कुलसचिव